मुक्त चिन्तन

News Letter

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

मुक्त चिन्तन

15 अगस्त, 2022

खेलकूद प्रतियोगिता में शिक्षक दौड़े, निदेशकों ने चली पैदल चाल

कर्मचारियों के बीच हुई रस्साकशी

नींबू दौड़ में बच्चों को मिली चॉकलेट

कुलपति ने बांटे प्रमाण पत्र एवं मैडल

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का आरंभ विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. पी. पी. दुबे, प्रोफेसर पीके पाण्डेय, प्रो. पी.के. स्टालिन, प्रो. संतोषा कुमार, प्रो. सत्यपाल तिवारी, प्रो. जयप्रकाश यादव, एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रो. ओमजी गुप्ता, डॉ ज्ञान प्रकाश यादव, डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी, डॉ गौरव संकल्प, तथा आयोजन सचिव डॉ अमरेंद्र कुमार यादव, डॉक्टर सर्वेश यादव तथा रामजनम मौर्य तथा अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ0 ज्ञान प्रकाश यादव

राष्ट्रगान करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

स्वागत करते हुए कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर ओमजी गुप्ता

माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी को पुष्पगुच्छ देकर एवं बैच, कैप लगाकर स्वागत करती हुई डॉ0 सोनी मिश्रा

कुलसचिव प्रो0 पी.पी. दुबे को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए डॉ0 सर्वेश यादव एवं बैच, कैप पहनाते हुए डॉ0 देवेश रंजन त्रिपाठी

प्रो0 ओमजी गुप्ता को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए डॉ0 अमरेन्द्र यादवएवं बैच, कैप पहनाते हुए श्री मनोज बलवन्त

निर्णायक मण्डल के सदस्यों, विश्वविद्यालय के निदेशक, प्रोफेसर एवं अधिकारियों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत करते हुए आयोजन समिति के सदस्यगण

इस अवसर पर आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे। 500 मीटर छात्राओं की पैदल चाल में प्रथम स्थान पर सुश्री शशि, द्वितीय स्थान पर सुश्री वनीता तथा तृतीय स्थान पर मारिया रही। 500 मीटर महिला शिक्षिकाओं की पैदल चाल में प्रथम स्थान डॉ साधना श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान डॉ नीता मिश्रा एवं तृतीय स्थान प्रोफेसर रुचि बाजपेई ने प्राप्त किया। 100 मीटर कार्यदाई संस्था कर्मचारी में प्रथम स्थान पर शुभम वर्मा रहे। द्वितीय स्थान पर हरिश्चंद्र एवं तृतीय स्थान पर प्रवीण कुमार रहे। 100 मीटर शिक्षक पुरुष वर्ग में डॉ ज्ञान प्रकाश यादव प्रथम स्थान पर द्वितीय स्थान पर श्री मनोज कुमार बलवंत एवं तृतीय स्थान पर डॉ सुरेंद्र कुमार रहे।

शिक्षकों की एक अलग 100 मीटर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर परविंद कुमार वर्मा, द्वितीय स्थान पर डॉ गौरव संकल्प तथा तृतीय स्थान पर डॉ राघवेंद्र सिंह ने जीत दर्ज की। 100 मीटर कर्मचारी वर्ग में प्रथम स्थान पर श्री प्रदीप यादव, द्वितीय स्थान पर श्री राम प्रवेश यादव एवं तृतीय स्थान पर श्री ईश्वर नाथ विश्वकर्मा विजेता रहे। 100 मीटर वर्ग में पुरुष छात्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आनंद कुमार ओझा, द्वितीय स्थान पर अजय शंकर यादव,तृतीय स्थान पर आदित्य यादव ने जीत हासिल की।

इसके अतिरिक्त छोटे बच्चों की नींबू दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अजीत, दूसरे स्थान पर सलोनी जबकि तीसरे स्थान पर प्रत्यूष ने जीत दर्ज की।

विश्वविद्यालय के कर्मचारियों में रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता टीम के सदस्यों श्री पुनीत कुमार, श्री ईश्वर नाथ विश्वकर्मा, श्री राम प्रवेश यादव, श्री मोहम्मद इमरान, अभिलाष कुमार, मांश्री गुलाब बिंद, श्री राजू, श्री जावेद अली एवं श्री राज पुष्पाकर को कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में दीप्ति योगेश्वर एवं उनके साथियों ने देश भक्ति नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित खिलाड़ियों एवं अन्य सभी का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रोफेसर ओमजी गुप्ता ने किया। संचालन डॉ ज्ञान प्रकाश यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ अमरेंद्र कुमार यादव ने किया।

दीप्ति योगेश्वर एवं उनके साथियों ने देश भक्ति नृत्य प्रस्तुत की

स्वास्थ्य शिविर में

जॉच कराते

प्रतिभागीगण

प्रतिभागियों को सम्मानित करती हुई मा0 कुलपति जी

सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करती हुई माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने किया।

कुलसचिव प्रो० पी० पी० दुबे तथा वित अधिकारी श्री अजय कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए डॉ० सर्वेश यादव एवं डॉ० अमरेन्द्र यादव

माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए कार्यक्रम संयोजक प्रो० ओमजी गुप्ता

कार्यक्रम संयोजक प्रो० ओमजी गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए कुलसचिव प्रो० पी० पी० दुबे

डॉ० ज्ञान प्रकाश यादव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करती हुई माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी

माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों, निदेशकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र छात्राओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ० अमरेन्द्र यादव

खेलकूद समारोह
15 अगस्त, 2022